प्रकाशनार्थ समाचार

आर्य वीरांगना चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर धूम–धाम से सम्पन्न

# आज राष्ट्र रक्षा के लिए वीरांगनाएं संकल्पित हों

–आर्यवेश सरस्वती

# लव जिहाद के प्रति सजक किया बालिकाओं को

–राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनिल आर्य

हापुड । 7 जून, आर्य कन्या पाठशाला इन्टर कॉलेज, स्वर्गाश्रम रोड हापुड में आर्य वीरांगना चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर का आज भव्य समापन हो गया।

आज राष्ट्र रक्षा के लिए आर्य वीरांगनाएं संकल्प लेकर आगे बढें क्योंकि आर्य वीरांगनायें पढाई में प्रथम आती हैं, सेवा में प्रथम रहती हैं, सदाचार में आगे रहती हैं तो अब समय आ गया है कि राष्ट्र की रक्षा के लिए भी हमारी बहनें अब बार्डर पर सैनिक वेश प्रहरी बनकर राष्ट्र रक्षा कर रही हैं। इनके जीवन का उत्साह और आत्मविश्वास इतना बढ गया है कि प्रत्येक मोर्चे पर सफलता प्राप्त करेंगी। इसी भावना को बौद्धिक संस्कार द्वारा तैयार किया है ये विचार सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश जी ने व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि आज ये छात्रायें अनुभव कर रही हैं कि हमारा सर्वांगीण विकास हुआ है जो घर की सुख सुविधाओं को छोडकर झांसी की रानी बनने के लिए मैदान में आई हैं। यह कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण कार्यक्रम है इनके निर्माण से परिवार का निर्माण होगा – समाज निर्माण होगा जो राष्ट्र निर्माण के लिए वरदान सिद्व होगा। सभी अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुये स्वामी जी ने आज आवाहन किया कि कन्या भ्रूण हत्या–नशा खोरी–भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए आगे आने की ओर ढोंग के खिलाफ, बुराइयों के खिलाफ, गौ हत्या के विरोध में धरने और प्रदर्शन किये जायें। अश्लीलता के विरोध में जिला स्तर पर आंदोलन का रूप दिया जाये।

स्वामी धर्मेश्वरानन्द सरस्वती, प्रांतीय महामंत्री ने कहा कि इस आंदोलन को प्रदेश स्तर पर चलाया जायेगा। यह शिविर प्रति वर्ष चलाये जायेंगे। युवकों के लिए भी आंदोलन की तरह जागृति पैदाकी जायेगी।

डॉ0 अनिल आर्य राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्द्रीय आर्य युवक परिषद ने कहा कि दश में बढते हुये इस्लामिक कुचक पर प्रकाश डाला । उन्होने कहा कि बालिकायें लव जिहाद के प्रति सजक रहें । आज भिन्न –भिन्न नाम बदलकर हिन्दु लडकियों को

अपन जाल में फसाने का कुचक चल रहा है । यह आर्य बालिकायें खुद भी सजक रहंगी और अन्य बालिकाओं को भी सजक करने का काम करेंगी।

आर्य नेता श्री मायाप्रकाश त्यागी जी ने आवाहन किया कि आर्य समाज आदर्श बालिकाओं का निर्माण करने आदर्श समाज की संरचना का काम करेगा।

इस अवसर पर नेपाल में आये भुकंप के लिए संग्रहित 55000 रू की राशी स्वामी आर्यवेश जी को डॉ0 ताराचंद अग्रवाल , जिला सभा के प्रधान विकास आर्य के द्वारा दी गई जो सार्वदेशिक सभा की ओर से भेजी जायेगी।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उ0प्र0 के प्रांतीय अध्यक्ष श्री आनन्द प्रकाश आर्य जी ने बताया कि प्रत्येक मास आर्य समाज मंदिर हापुड में एक दिन के लिए शिविर स्मृति रूप में सभी बच्चों द्वारा शाखा लगाई जायेगी। शिविर में प्रथम आने वाले बच्चे को मुख्य अतिथि स्वामी आर्यवेश जी ने पुरस्कृत किया। बच्चों का कार्यकम व्यायाम प्रदर्शन बहुत आकर्षक रहा। जिसकी सबने भूरी–भूरी प्रशंसा की। अशोक आर्य मंत्री व विकास अगवाल ने मंच का कुशल संचालन किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से महेश आर्य, सुंदरलाल आर्य, प्रेमप्रकाश आर्य, बिजेन्द्र गर्ग, ज्ञानेन्द्र चौधरी, नरेन्द्र आर्य, प्रवीण आर्य, कुंवरपाल आर्य ने अतिथियों का सम्मान किया। कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यकम में सुलभी आर्या एवं शिक्षिकाओं और बालिकाओं ने अपनी प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। पूरे जिले से पधारे प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें मुख्य रूप से डॉ0 धर्मवीर सिंह, महाश्य जगमाल सिंह, अशोक आर्य, पुष्पा आर्या, वीना आर्या, रेखा गोयल आदि उपस्थित रहे । शिविर में आर्य महिलाओं का प्रशंसनीय योगदान रहा।

परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीण आर्य ने शांती पाठ के साथ कार्यकम का समापन किया।

भवदीय

प्रवीण आर्य

राष्ट्रीय महामंत्री

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद

**9911404423**